

Helping your child with literacy and numeracy at home

Hindi

# घर पर अपने बच्चे की साक्षरता एवं गणना के साथ सहायता करना

NSW डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन

**यह पुस्तिका उन बच्चों के माता-पिता, देखभालकर्ताओं एवं परिवारों के लिए बनाई गई है जो स्कूल के प्रारंभिक वर्षों में हैं।**

**यह उस महत्वपूर्ण शिक्षा को समर्थन देने के लिए गतिविधियों से भरपूर है जो घर पर होती है। ये गतिविधियां आपको आपके बच्चे के साथ मनोरंजन लेने और उन्हें स्कूल में एक उत्तम शुरुआत करने में सहायता करने के लिए बनाई गईं हैं।**

**अपने बच्चे को भाग लेने और गतिविधियों को जाँचने के लिए प्रोत्साहित करें एवं उनकी निजी प्रतिक्रियाओं का समर्थन करें।**

# विषय-सूची


**साक्षरता** **4**

बोलना एवं सुनना 5

पढ़ना 10

चित्र बनाना एवं लिखना 16

**गणना** **21**

अंक और गणना 22

जोड़ना एवं घटाना 28

पैटर्न पहचानना एवं बनाना 32

# साक्षरता

## आपके बच्चे को उनकी साक्षरता योग्यताओं को विकसित करने में सहायता करना

**साक्षरता में शामिल हैं सुनना, बोलना, पढना, लिखना एवं अक्षर-विन्यास। यह विचारों एवं भावनाओं, भावों एवं मतों को व्यक्त करने और बोले एवं लिखे गए संदेशों से अर्थ निकालने की योग्यता है।**



# बोलना एवं सुनना

बोलने एवं सुनने की योग्यताएँ स्कूल में आपके बच्चे के सीखने के लिए नींव बनाती हैं। ये योग्यताएँ एक बच्चे को औरों के साथ बोलने, मित्रताएं बनाने एवं स्कूल में सभी गतिविधियों में भाग लेने के योग्य बनने में सहायता करती हैं।

अगर आप घर पर एक अंग्रेजी से भिन्न भाषा बोलते हैं तो यह ज़रूरी है कि आप अपने बच्चे को उनके घर पर बोले जानी वाली भाषा को प्रयोग करने में समर्थन देना जारी रखें।

# अपने बच्चे के साथ बातचीत करना


- **अपने बच्चे के साथ भिन्न-भिन्न विषयों के बारे में बातचीत करें**, उदाहरणत: वह चीज़ें जो हर दिन होती हैं।
- अपनी संस्कृति से जुड़ी **कहानियों को सांझा करें**, आपकी अपनी कहानियां और आपके बच्चे की कहानियां।
- **चीज़ों के बारे में बात करें या उनका वर्णन करें** जैसे-जैसे वे घट रहीं हों। उदाहरणत:, “आज हम स्कूल पैदल जा रहे हैं और पार्क के सामने से गुज़रेंगे।”
- **अपने बच्चे की बात सुनें और उन्हें उनकी बारी की प्रतीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करें।** उन्हें दिखाएं कि कैसे किसी वार्तालाप में भाग लें और सुनें।
- अपने बच्चे से वार्तालाप शुरू करते समय या जब बात कर रहे हों तो ऐसे **प्रश्न पूछें** जिन्हें केवल एक हाँ या नहीं के उत्तर से अधिक की आवश्यकता हो। उदाहरणत:, “आपने आज स्कूल में क्या किया?”
- ऐसे प्रश्न प्रयोग करें जो **कैसे और क्यों से शुरू होते हैं।** उदाहरणत:, “आप पार्क में कितने पक्षियों को देख रहे हो?”
- प्रश्न पूछते समय **अपने बच्चे को उत्तर देने का समय दें।**
- **वार्तालापों को मनोरंजक बनाएं।** मज़ेदार कहानियाँ बनाएं, अपने बच्चे के साथ बात करें और गाना गाएँ।


# एक संदेश का संचारण करना


- **किसी कहानी को फिर से सुनाएं।** इस बारे में बात करें कि कहानी के आरंभ में, बीच में और अंत में क्या हुआ।
- पढ़ने के पश्चात, **किताब के पात्रों के बारे** में या आपके बच्चे के प्रिय भाग के बारे **में बात करें।**
- इस बारे में अपने **विचार सांझे करें** कि क्या हो सकता है जब किसी उत्सव जैसे कार्यक्रम में जा रहे हों या स्कूल जा रहे हों। कार्यक्रम के बाद, जो हुआ उसके बारे में बात करें और उन्हें उनकी भावनाओं और विचारों को सांझा करने के लिए कहें।
- अपने बच्चे को उनकी कलपना से **उनकी अपनी कहानी रचने** में सहयोग करें। ऐसे प्रश्न पूछें जैसे कि, “कहानी किस बारे में है?” “कहानी में कौन है?” “कहानी में क्या होता है?”
- **अपने बच्चे को उनका पूरा नाम,** पता, आयु, जन्मदिन और फोन नंबर सिखाएं।
- स्कूल के बाद अपने बच्चे से पूछें कि उनका दिन कैसा था और **अधिक जानकारी के लिए पूछें,** उदाहरणत:, “आपने इस प्रकार से अनुभव क्यों किया?”





## आपके बच्चे को अंग्रेजी वार्तालाप और शब्द-निर्माण योग्यताओं के साथ सहायता करने वाली पुस्तकें




# शब्द-निर्माण

- बोलते समय **वर्णन करने वाले शब्दों का प्रयोग करें।** अगर आपका बच्चा कहता है/आपकी बच्ची कहती है, “वहाँ एक कुत्ता है।” एक विवरण जोड़ें जैसे कि, “वह एक छोटा, फुज्जीदार, सफ़ेद कुत्ता है।”
- **उन्हें नए शब्द सिखा कर** अपने बच्चे की भाषा को विकसित करें।
- अपने बच्चे के साथ पढ़ते समय किताबों में उपयोग किए गए **शब्दों के बारे में बात करें।** शब्दों के अर्थ को साथ में मिलकर चर्चा करें। आप शायद चर्चा के लिए नए, दिलचस्प शब्दों को ढूँढना भी पसंद करें।
- नए शब्दों को एक वाक्य में उपयोग करने का **अभ्यास करें।**
- घर में मौजूद चीज़ों के लिए **लेबल बनाएं।**



# पढ़ना

**बच्चे सीखते हैं जब उन्हें पढ़ के सुनाया जाए, औरों के साथ पढ़ कर और स्वयं के लिए पढ़ कर।**


**प्रतिदिन साथ-साथ पढ़ते हुए आनंद लें। ऐसे अवसरों को ढूँढें जैसे कि जब आप स्कूल, किताबों की दुकान, लाइब्रेरी और सुपरमार्केट पैदल जा रहे हों।**


**कहानियों के बारे में बात करें, जो भाषा प्रयोग की गई, जो शब्द कहानी में थे, साथ ही साथ शब्दों के बीच के अक्षरों के उच्चारण को भी। घर पर बोली जाने वाली अपनी भाषा में किताबें पढ़ें।**


# अपने बच्चे के साथ प्रतिदिन पढ़ें


- **पढ़ने को मनोरंजक** और सुखद बनाएं। बच्चे पढ़ने के बारे में औरों को देख के, उनकी नकल करके और बातचीत करके सीखते हैं।
- **अपने बच्चे को वह किताबें चुनने और उन्हें पुन: पढ़ने दें** जिनमें उन्हें रूचि है।
- आप पढ़ना आरंभ करने से पहले **किताब के बारे में बात करें।** शीर्षक और किताब में क्या हो सकता है, इसके बारे में बात करें।
- **चित्रों के बारे में बात करें** और कैसे वे कहानी में योगदान करते हैं।
- पढ़ते समय **अपने बच्चे से कहानी के बारे में प्रश्नों को पूछें**, जैसे कि, "आप क्या सोचते हैं कि आगे क्या होगा?" "आप ऐसा क्यों सोचते हैं?"
- पढ़ने के पश्चात **कहानी के बारे में बात करें।** ऐसे प्रश्न पूछें जैसे कि, "कहानी का कौन सा भाग आपको सबसे अच्छा लगा?" या "कहानी में क्या रोमांचक, मज़ेदार या दु:खद था?"
- अपने बच्चे और उनके भाइयों, बहनों या मित्रों के साथ **बारी-बारी से मनपसंद कहानियां पढ़ें।**
- **विविध प्रकार की पढ़ने की वस्तुओं का चयन करें** जैसे कि समाचारपत्र, पत्रिकाएँ, पोस्टर, गली में लगे संकेत, व्यंजन विधियां और ख़रीददारी की सूचियाँ।


# अंग्रेज़ी पुस्तकें जिनमें कविता है















# पढ़ने, भाषा और शब्दों के साथ आनंद लेना

- **ऐसी अंग्रेज़ी पुस्तकें चुने जिनमें कविताएँ** या पहेलियाँ या हों।
- **तुकवाले शब्दों के बारे में बात करें।** Cat, hat, sat, bat सभी ऐसे शब्दों के उदाहरण हैं जो अंग्रेज़ी में तुक बनाते हैं क्योंकि ये अंत में एक समान सुनाई देते हैं।
- **तुकवाले शब्दों के साथ खेलें** और अंग्रेज़ी में तुकवाले खेल खेलें। तुकवाले वाक्य बनाएं जैसे कि, “Have you ever seen a snail deliver the mail?”











# अक्षरों के उच्चारणों के साथ खेलें


- **अक्षरों के उच्चारणों के साथ आनंद लें।** उन शब्दों का उपयोग करके मज़ेदार वाक्य बनाएं जो एक समान उच्चारण के साथ शुरू होते हैं।
- जब आप अपने बच्चे के लिए पढ़ रहें हों, उन्हें जो ध्वनियाँ पता हैं उनकी ओर इशारा करने के लिए और **ध्वनियों को बोलने** के लिए कहें।
- अपने बच्चे के नाम के साथ **ध्वनियों से संबंधित खेल खेलें।** ऐसे प्रश्न पूछें जैसे कि, "आपका नाम किस ध्वनि से शुरू होता है?" "क्या यह वही ध्वनि है जो dad के आरंभ में है?"

# अंग्रेज़ी में शब्दों के बारे में किताबें









# चित्र बनाना एवं लिखना

**अपने बच्चे को रोमांचक चीज़ों के बारे में चित्र बनाने या लिखने के लिए प्रोत्साहित करें।**

**अपने बच्चे से उनके बनाये गए चित्रों और लेखन के बारे में बात करने के लिए कहें। उनकी कहानियों में और कैसे उन्होंने उन्हें चित्रित करने या लिखने का चयन किया है इसमें रूचि रखें।**



# प्रतिदिन लिखें

- **चित्र बनाने और लिखने के साथ आनंद लें।** अपने बच्चे से उन चीज़ों के बारे में चित्र बनाने या लिखने के लिए कहें जो वे करना, बनाना या खेलना पसंद करते हैं।
- **अपने बच्चे को उनके लिखाई के बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित करें।** इसमें उनके अस्पष्ट लेखन, चित्रों, अक्षरों या शब्दों के बारे में बात करना शामिल हो सकता है।
- **अलग-अलग सामग्रियों का प्रयोग करें** जैसे कि ड्रा करने और लिखने के लिए चॉक, कागज और पेंसिल, मार्कर और पेन।
- अपने बच्चे से **उनका नाम लिखने** के लिए कहें। आपका बच्चा/बच्ची उन लोगों के नाम लिखने का प्रयास भी कर सकता है/सकती है जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं।
- जब आपका बच्चा/बच्ची लिख या चित्र बना रहा हो/रही हो तो **चित्र और अक्षरों की ध्वनियों के बारे में बात करें** जो वह लिखने का प्रयास कर रहा है या रही है।
- **अपने बच्चे को उनकी कल्पना का उपयोग करने** और कहानियाँ रचने के **लिए प्रोत्साहित करें।** वे चित्र बना कर एवं कहानी के लिए शब्दों को लिख कर एक स्टोरीबुक बना सकते हैं।
- अपने बच्चे का **उनकी घर पर बोली जाने वाली भाषा में संदेश लिखने में** सहयोग करें।



# एक उद्देश्य के लिए चित्र बनाना एवं लिखना

- अपने बच्चे को एक ख़रीददारी की सूची का, या परिवार में उनके प्रिय व्यक्ति के बारे में, या उनकी प्रिय पुस्तक का **चित्रण करने या लिखने के लिए प्रोत्साहित करें।**
- **एक गीत या एक कविता की रचना करें** और इस गीत या कविता के साथ मेल खाने हेतु शब्दों को लिखें या एक चित्र बनायें।
- **अपने बच्चे को उसका वर्णन करने के लिए कहें** जिसके बारे में वे चित्र बना रहे या लिख रहे हैं, जब वे उसे बना रहे हों।
- उन्हें किसी मित्र या परिवार में किसी व्यक्ति को कोई रोमांचक, मज़ेदार या उत्तेजक घटना के बारे में **एक पत्र लिखने** के लिए प्रोत्साहित करें जो घटित हुई।
- **एक बुकलेट, जरनल या डायरी रखें** जिसमें आपका बच्चा प्रतिदिन लिख सके या चित्र बना सके।
- किसी उत्सव या विशेष कार्यक्रम के लिए एक निमंत्रण पत्र या **एक कार्ड बनायें।**



# संदेशों के बारें में बात करें

- अपने बच्चे को **एक संदेश लिखने** के लिए कहें जो वे भेजना चाहते हों। यह एक पोस्टर हो सकता है जैसे कि, “कुत्ते से सावधान”, या उनके शिक्षक/शिक्षिका को उन चीज़ों के बारे में एक पत्र हो सकता है जिन्हें वे करना पसंद करते हों।
- **प्रतिदिन बोले जाने वाले शब्दों को उपयोग करें** जो आपके बच्चे की संस्कृति, अनुभव और रूचियों का भाग हों।
- **उन कहानियों या पत्रों के बारे में बात करें** जिन्हें आपके बच्चे ने लिखा है या जो आप साथ में पढ़ते हैं।
- **बात करते समय,** अपने बच्चे का विविध प्रकार के शब्दों का उपयोग करते हुए वाक्यों में बोलने में सहयोग करें।






3
5
6

# गणना

## आपके बच्चे को उनकी गणना योग्यताओं को विकसित करने में सहायता करना

गणना में शामिल है यह समझने के योग्य होना कि प्रतिदिन की परिस्थितियों में अंक कैसे काम करते हैं।

हम अंकों को प्रतिदिन देखते और उपयोग करते हैं। पढ़ते समय पृष्ठ पर अंक होते हैं, हमारे घर का भी एक अंक है और जब हम कुछ ख़रीदते हैं तो हम अंकों का जोड़ या घटाव करते हैं।

गणना के प्रति अपने बच्चे को एक सकारात्मक मनोदृष्टि विकसित करने में सहायता करें।

आपके घर पर बोले जानी वाली भाषा में गणना योग्यताओं का निर्माण करना आवश्यक है।



# अंक और गणना

गणना एक ऐसी कुशलता है जो बच्चे प्रारंभ में विकसित करते हैं। गणना में शामिल है:

- अंकों को सही क्रम में बोलना और याद रखना।
- अंक शब्दों को वस्तुओं से मिलाना
- यह जानना कि गिना गया अंतिम अंक वस्तुओं की संपूर्ण संख्या को दर्शाता है।

## उपयोग में लाये जाने वाले शब्द

- आगे गिनना, पीछे गिनना
- पहले आने वाली संख्या, बाद में आने वाली संख्या
- इससे अधिक, इससे कम
- इसके समान है।

# अंग्रेजी अंक

0 zero

1 one

2 two

3 three

4 four

5 five

6 six


7 seven

8 eight

9 nine

10 ten








# अंकों के बारे में सीखने को प्रोत्साहन देने के लिए गतिविधियाँ


- अपने बच्चे को अंकों एवं राशियों को पहचानने में सहायता करने के लिए **एक पासा उपयोग करें जिस पर अंक एवं बिंदु हों।** अपने बच्चे से पूछें, "पासे पर कितने बिंदु हैं?"
- **साथ मिलकर विशेष प्रकार के बोर्ड या पट्टे के खेल जैसे शतरंज, साँप सीढ़ी आदि खेलें** जो पासे और गणना का उपयोग करते हों।
- **कहानियों को पढ़ें एवं सांझा करें।** गणना, राशियों, और उन अंकों के बारे में बात करें जो आप किताब में देखते हैं, पृष्ठ संख्याओं को शामिल करते हुए।
- **जब आप सैर के लिए जा रहे हों तो अपने बच्चे को अंकों को ढूँढने के लिए पूछें।** अपने बच्चे से पूछें, "आप कौन से अंक देख पा रहे हो?" घर के नंबरों, कार नंबर प्लेटों और गलियों में लगाए गए संकेतों के बारे में बात करें।
- प्रतिदिन उपयोग की जाने वाली वस्तुओं जैसे कि दीवार पर लगी घड़ियों एवं फ़ोनों के उपर चिह्नित **अंकों के बारे में बात करें।**

# वस्तुओं या बिन्दुओं की संख्या को पहचानना


## पासे पर बिन्दुओं के पैटर्न



## बिन्दुओं के पैटर्न




## डोमीनो पर बिन्दुओं के पैटर्न



# अपने बच्चे के साथ गणना करना


- **तब गणना करें जब आप घर में काम कर रहे हों।** सरल व्यंजन विधिओं को साथ में मिलकर पकाएं और अपने बच्चे को सामग्रियों की गणना करने के लिए कहें।
- **अपने बच्चे को परिवार के भोजन के लिए टेबल लगाने में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करें।** उन्हें व्यक्तियों, और टेबल के लिए आवश्यक प्लेटों, कपों, काँटों और चमचों की गणना करने के लिए कहें।
- **अपने बच्चे के साथ बटनों की संख्या की गणना करें** जैसे-जैसे वे अपनी स्कूल की कमीज़ को पहन रहे हों।
- अपने बच्चे को **गिनने के लिए कहें कि उनके लंच बॉक्स में कितनी चीज़ें हैं।**
- **आगे गिनें।** प्रतिदिन की वस्तुओं को गिनें जैसे कि कारें, घर, जूते और बैग।
- **पीछे गिनें।** सीढ़ियों से नीचे उतरना और फिर सीढ़ियों से उपर जाना।
10, 9, 8 ....

# अंग्रेज़ी में गणना करने वाले गीत




- Here is the Beehive
- Five Little Ducks
- The Ants Go Marching
- One, Two, Buckle My Shoe
- Five Cheeky Monkeys Jumping on the Bed
- Ten Green Bottles

# अंग्रेज़ी में गणना और अंकों के बारे में किताबें

















# जोड़ना एवं घटाना


युवा बच्चों को जोड़ एवं घटाव का ज्ञान विकसित करने की आवश्यकता है। इसमें शामिल है दो या अधिक वस्तुओं को जोड़ना और वस्तुओं को हटाना एवं अलग करना।

## उपयोग करने वाले शब्द

- साथ जोड़कर, मिलाकर, बनाकर
- इससे कम, इससे ज्यादा
- कुल मिलाके
- कम करके
- कितने और

# गतिविधियां जो जोड़ने को प्रोत्साहन देती हैं

- **प्रतिदिन की वस्तुओं, खिलोनों, फलों, किताबों की संख्याओं को जोड़ें।** बच्चे जोड़ने के लिए अपनी उँगलियों का उपयोग कर सकते हैं।
- जब आप चल रहे हों तो **उन विभिन्न वस्तुओं की संख्या को जोड़ें** जो आप देख रहे हों, उदाहरणत: एक बगीचे में फूल।
- एक कैलेंडर पर, अपने बच्चे को उन दिनों को निशान लगाने के लिए कहें जब वे स्कूल गए या उन्होंने कोई अन्य गतिविधि करी। सप्ताह के अंत पर **हर गतिविधि के लिए दिनों की संख्या को जोड़ें।**
- जब आप ख़रीददारी कर रहे हों, उस बारे में बात करें कि आपको क्या ख़रीदने की आवश्यकता है। **प्रश्न पूछें** जैसे कि, "परिवार में सभी के लिए कितने केले चाहिए? अगर मैं एक और ख़रीद लूं, हमारे पास कितने होंगे?"
- **ऐसे खेल खेलें जो दो पासों को जमा करने को प्रोत्साहित करते हैं,** उदाहरणत: "Snakes and Ladders"








# गतिविधियां जो घटाने को प्रोत्साहन देती हैं

- **प्रतिदिन की वस्तुओं को** घटाएं। उनके लंच बॉक्स में पड़ीं चीज़ों की गणना करें और फिर घटाएं जैसे-जैसे वस्तुओं को अलग किया जा रहा हो।
- **जब आप खा रहे हों तो गिनें कि आपके पास कितनी चीज़ें हैं।** प्रश्न पूछें जैसे कि, "आपने कितने अंगूर खा लिए हैं? कितने शेष बचे हैं?"
- अपने बच्चे को उस **अंतर को नोट करने के लिए प्रोत्साहित करें जब वस्तुओं को हटाया जाता है** जैसे कि एक डिब्बे में से अंडों को बाहर निकालना या एक गुच्छे में से केलों को तोड़ना।
- **गीत गाएं** जैसे कि "Five Little Ducks", जहाँ संख्या कम होती है जैसे ही एक अंक को अलग किया जाता है।
- **प्रश्न पूछें** जैसे कि, "हमारे पास कटोरे में पाँच सेब हैं। यदि मैंने दो सेब खा लिए तो कितने सेब शेष बचे?"

# अंग्रेज़ी में जोड़ने और घटाने के बारे में किताबें









# पैटर्न पहचानना एवं बनाना

**पैटर्न एक दोहराया गया गुट होता है। यह आकारों, ध्वनिओं, अंकों या वस्तुओं से बना हो सकता है।**

**प्रतिदिन की गतिविधियों द्वारा बच्चे पैटर्नों को पहचाना, मानना, बनाना, नकल करना और जारी रखना सीख सकते हैं।**





## उपयोग में लाये जाने वाले शब्द

- दोहराना
- जारी रखना
- बनाना
- पहचान करना
- विवरण करना
- पैटर्न
- समान
- विभिन्न

## पैटर्नों को पहचानना और मानना


- **पैटर्नों को पहचानें** जैसे कि रैपिंग पेपर पर, बाथरूम की टाइलों पर और ड्राइववे पर। भिन्न-भिन्न प्रकार के पैटर्नों और एक पैटर्न किस कारण से बनता है के बारे में बात करें।
- **पैटर्न के बारे में बात करें।** सवाल पूछें जैसे कि “यह पैटर्न क्यों है?” “क्या आप इस पैटर्न को जारी रख सकते/सकती हैं?”
- अपने बच्चे को पैटर्नों को पहचानें में सहायता के लिए **ताश के पत्ते, डोमीनो या पासे के साथ खेल खेलें।**

# पैटर्नों की नकल करना


- ताली बजाने के खेल खेलना जहाँ आप **एक पैटर्न से ताली बजाते हैं** और आपका बच्चा उस पैटर्न को दोहराता है। अपने बच्चे को एक ऐसे पैटर्न से ताली बजाने के लिए कहें जो आप दोहरा सकते हैं।
- **साथ मिल कर एक पैटर्न का उपयोग करते हुए भोजन के लिए टेबल को तैयार करें** जैसे कि प्लेट और चम्मच, प्लेट और चम्मच, प्लेट और चम्मच।


# पैटर्नों को बनाना


- **प्रतिदिन की वस्तुओं के साथ पैटर्नों को बनाएं** जैसे कि खिलौने और फल।
- **सरल पैटर्नों के साथ शुरू करें** और फिर **कठिन पैटर्न बनाएं** जैसे कि एक सेब, दो केले, एक सेब, दो केले, एक सेब, दो केले।




# अंग्रेज़ी में पैटर्नों के बारे में किताबें






# आपके बच्चे को अंग्रेजी साक्षरता योग्यताओं को विकसित करने में सहायता करने वाली पुस्तकें

## वार्तालाप और शब्द-निर्माण के लिए पुस्तकें

**Dunbi the Owl** – Daisy Utemorrah, editor Pamela Lofts. Scholastic Australia

**Possum Magic** – Mem Fox, illustrator Julie Vivas. Omnibus Books

**Splosh for the Billabong** – Ros Moriarty, illustrator Balarinji. Allen and Unwin

**The Day the Crayons Quit** – Drew Daywalt, illustrator Oliver Jeffers. Harper Collins Children's Books

**The Echidna and the Shade Tree** – Mona Green, editor Pamela Lofts. Scholastic Australia

**The Little Refugee** – Anh and Suzanne Do, illustrator Bruce Whatley. Allen & Unwin Children

**The True Story of the 3 Little Pigs** – Jon Scieszka, illustrator Lane Smith. Penguin

**The Very Cranky Bear** – Nick Bland. Scholastic Australia

## किताबें जिन में कविता है

**Miss Spider's Tea Party** – David Kirk. Scholastic Inc

**No Way Yirrikipayi!** – Alison Lester. Pan Macmillan Australia

**Pig the Pug** – Aaron Blabey. Scholastic Australia

**Piranhas Don't Eat Bananas** – Aaron Blabey. Scholastic Australia

**Oi Cat!** – Kes Gray, Jim Field. Hachette Australia

**Sebastian Lives in a Hat** – Thelma Catterwell, illustrator Kerry Argent. Omnibus Books

**Walking Through the Jungle** – Stella Blackstone. Barefoot Books

**The Cat in the Hat** – Dr Seuss. Random House

## अक्षरों के बारे में पुस्तकें

**ABC Dreaming** – Warren Brim. Magabala Books

**Animalia** – Graeme Base. Picture Puffins

**Dr Seuss's ABC** – Dr Seuss. Random House

**I Spy, An Alphabet in Art** – Lucy Micklethwait. Greenwillow Book

सूचीबद्ध की गई किताबें साक्षरता और गणना दोनों के लिए विभिन्न प्रकार के उद्देशों के लिए उपयोग की जा सकती हैं।

**अपने बच्चे को स्कूल में एक उत्कृष्ट आरंभ प्राप्त करने में सहायता के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ एवं और अधिक संसाधनों को ढूँढें:**

education.nsw.gov.au/lit-and-num-at-home




# गणना योग्यताओं को विकसित करने में आपके बच्चे को सहायता करने वाली अंग्रेजी पुस्तकें

## अंकों एवं गिनती के बारे में पुस्तकें

**Counting on Community** – Innosanto Nagara. Seven Stories Press, Penguin.

**Counting with Tiny Cat** – Viviane Schwarz. Walker Books

**Five Little Ducks** – Penny Ives. Child's Play International Ltd

**One is a Snail, Ten is a Crab** – April Pulley Sayre and Jeff Sayre, illustrator Randy Cecil. Scholastic Australia

**One Woolly Wombat** – Kerry Argent. Scholastic Australia

**Ten Black Dots** – Donald Crews. Scholastic Australia

**Ten Little Dinosaurs** – Mike Brownlow, illustrator Simon Rickerty. Orchard Books

**Ten Little Jarjum** – Tabulam Aboriginal Community members, editors Suzi Williams and Kate Merrifield. NSW Board of Studies

**Ten Scared Fish** – Ros Moriarty, illustrator Balarinji. Allen and Unwin

## जोड़ने और घटाने के बारे में पुस्तकें

**Five Little Monkeys Play Hide-and-seek** – Eileen Christelow. Houghton Mifflin

**Ten Little Beasties** – Rebecca and Ed Emberley. Macmillan

**Ten Little Fingers and Ten Little Toes** – Mem Fox, illustrator Helen Oxenbury. Puffin Books

**Ten Little Ladybugs** – Melanie Gerth, illustrator Laura Huliska-Beith. Intervisual Books Inc

**There Were 10 in the Bed** – illustrator Wendy Straw. Sweet Cherry Publishing

**The Shopping Basket** – John Burningham. Random House

**Uno's Garden** – Graeme Base. Penguin Books, Puffin

## पैटर्न बनाने के बारे में पुस्तकें

**Anno's Counting Book** – Mitsumasa Anno. Harper Collins

**Caterpillar and Butterfly** – Ambelin Kwaymullina. Fremantle Press

**One fish, two fish, red fish, blue fish** – Dr Seuss. Random House

**The Very Hungry Caterpillar** – Eric Carle. Hamish Hamilton Press

© State of New South Wales (Department of Education), 2020.

The copyright material published in this resource is subject to the Copyright Act 1968 (Cth) and is owned by the NSW Department of Education or, where indicated, by a party other than the NSW Department of Education (third-party material).

Copyright material available in this resource and owned by the NSW Department of Education is licensed under a Creative Commons Attribution 4.0 International (CC BY 4.0) licence. This licence allows you to share and adapt the material for any purpose, even commercially.

Attribution should be given to © State of New South Wales (Department of Education), 2020.

Material in this resource not available under a Creative Commons licence:

- the NSW Department of Education logo, other logos and trademark-protected material
- material owned by a third party that has been reproduced with permission.
  You will need to obtain permission from the third party to reuse its material.

## टेलीफोन दुभाषिया सेवा

अगर आपको और जानकारी चाहिए तो कृपया अपने स्कूल के प्रिंसिपल को फोन करें। यदि आपको अपनी पूछ-ताछ में सहायता के लिए दुभाषिये की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में एक दुभाषिए की मांग करें| यह सेवा आपके लिए नि:शुल्क होगी।